**<u>Sunday Murli : 11.09.16 में बापदादा द्वारा उच्चारित महावाक्य</u>**

Revise AM 13.11.81

**समझा- साइलेन्स की शक्ति कितनी महान है!**

1. साइलेन्स की शक्ति क्रोध-अग्नि को शीतल कर देती है।

2. साइलेन्स की शक्ति व्यर्थ संकल्पों की हलचल को समाप्त कर सकती है।

3. साइलेन्स की शक्ति ही कैसे भी पुराने संस्कार हों, ऐसे पुराने संस्कार समाप्त कर देती है।

4. साइलेन्स की शक्ति अनेक प्रकार के मानसिक रोग सहज समाप्त कर सकती है।

5. साइलेंन्स की शक्ति, शान्ति के सागर बाप से अनेक आत्माओं का मिलन करा सकती है।

6. साइलेन्स की शक्ति अनेक जन्मों से भटकती हुई आत्माओं को ठिकाने की अनुभूति करा सकती है।

7. महान आत्मा, धर्मात्मा सब बना देती है।

8. साइलेन्स की शक्ति सेकण्ड में तीनों लोकों की सैर करा सकती है।

समझा कितनी महान है

9. साइलेन्स की शक्ति- कम मेहनत, कम खर्चा बालानशीन करा सकती है।

10. साइलेन्स की शक्ति- समय के खज़ाने में भी एकानामी करा देती है अर्थात् कम समय में ज्यादा सफलता पा सकते हो।

11. साइलेन्स की शक्ति हाहाकार से जयजयकार करा सकती है।

12. साइलेन्स की शक्ति सदा आपके गले में सफलता की मालायें पहनायेंगी।

जयजयकार भी हो गई, मालायें भी पड़ गई, बाकी क्या रहा
सब कुछ हो गया ना!

तो सुना आप कितने महान हो महान शक्ति को कार्य में कम लगाते हो।